चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरिभूमि......

दिनांक 16.6.2019 पृष्ठ सं. ...16... कॉलम ...3-6...

# हकृवि प्रवेश परीक्षा में बेटियां अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए

- 8 जून को आयोजित की गई थी हकृवि की प्रवेश परीक्षा

आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा का शनिवार को परिणाम घोषित कर दिया है। प्रवेश परीक्षा के घोषित किए गए परिणामों में बेटियों ने बाजी मारी है। बीएस-सी(आनर्ज) में भिवानी जिले की अंतिम रानी, एम.एस-सी. एग्रीकल्चर में झज्जर की पूजा, एम.एस-सी. होम साइंस में फतेहाबाद की मंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर देखा जा सकता है।


हिसार। प्रवेश परीक्षा में अव्वल विद्यार्थी।

## पूजा रही प्रथम

एमएस-सी. एग्रीकल्चर में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में झज्जर जिले के गांव दूबलधन की पूजा 83 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। पलवल निवासी प्रखर सिंगला 82 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हिसार जिले के गांव घुड़साल निवासी विपिन कुमार ने 82 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

## 66 अंक लेकर मंजू अव्वल

एमएस-सी. होम साइंस में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में फतेहाबाद जिले के गांव सांचला की मंजू 66 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही।

हिसार के तुलसी विहार की सुरजीता ने दूसरे स्थान पर रहते हुए 63 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा हिसार जिले के गांव सरसौद की रीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसे 61 अंक मिले। गौरतलब है कि यह प्रवेश परीक्षा गत 8 जून को बी.एस.सी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यकम की 155 सीटों तथा एम.एस.सी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें बीएस-सी (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यकम की 155 सीटों के लिए 9089 तथा एमएस-सी एग्रीकल्चर एवं एमएस-सी होम साइंस पाठ्यकमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए।

उल्लेखनीय है कि इन पाठ्यकमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

## अंतिम रानी ने लिए 93.90 अंक

बीएस-सी (आनर्ज) एग्रीकल्चर में भिवानी जिले के गांव छप्पड़ जोगियान की अंतिम रानी प्रथम रही है। अंतिम रानी ने 93.50 अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर भिवानी जिले की ही गांव बड़ेसरा की इंदु रही है, उसने 91.50 अंक लिए। हिसार के सेक्टर-14 के कार्तिकेय ने 90.50 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
### लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 16.6.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...1-8...

# बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में भिवानी की अंतिम अव्वल, हिसार का कार्तिकिय तृतीय

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) ने बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर व एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आठ जून को हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय

### भिवानी के ही गांव बड़ेसरा की इंदु ने दूसरा स्थान पाया

### एमएससी होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में फतेहाबाद की मंजू प्रथम

पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में भिवानी जिले के गांव छपार जोगियान की अंतिम रानी ने पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा भिवानी जिले के ही गांव बड़ेसरा की इंदु ने दूसरा स्थान और हिसार शहर के सेक्टर-14 निवासी कार्तिकेय ने परीक्षा में तीसरा स्थान पाया है।

### झज्जर के दुबलधन की पूजा ने पहला स्थान हासिल किया



अंतिम पूजा कार्तिकेय इंदु प्रखर सिंगला

वहीं एमएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में झज्जर जिले के गांव दुबलधन की पूजा ने पहला, पानीपत के शिव कॉलोनी निवासी प्रखर सिंगला ने दूसरा और हिसार जिले के गांव पुठ्ठसमाण निवासी विपिन कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में हिसार की सुरजीता दूसरे, रीतू रानी तृतीय स्थान पर रहीं

इसके अलावा एमएससी होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में फतेहाबाद जिले के गांव भोडिया की मंजू पहले, हिसार के आजाद नगर की सुरजीता दूसरे और भिवानी जिले के गांव बापोड़ा की रीतू रानी तीसरे स्थान पर रहीं।



मंजू रितु रानी विपिन सुरजीता

### बीएससी एग्रीकल्चर की 155 सीटों के लिए आए थे 9089 आवेदन

बता दें कि आठ जून को बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की 155 सीटों के लिए 9089 और एमएससी एग्रीकल्चर व एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए। इन पाठ्यक्रमों के लिए क्रमश: 10770 और 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक 16.6.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....1-4....

नीट और एमबीबीएस परीक्षा में भी बढ़िया स्कोर करने वाले होनहारों का बदला मन

# बीएससी एग्रीकल्चर के टॉपर्स करेंगे एमबीबीएस

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में नए सत्र में दाखिले के लिए 8 जून को हुई प्रवेश परीक्षा का शनिवार को परिणाम विश्वविद्यालय ने घोषित किया। इसमें बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस कोर्स के लिए परीक्षा देने वाले 20 हजार से भी अधिक परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया था। इसमें बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर कोर्स में भिवानी के गांव छप्पर जोगियान निवासी अंतिम रानी ने प्रदेश में टॉप किया है, एमएससी एग्रीकल्चर कोर्स में झज्जर की तहसील बेरी निवासी पूजा कुमारी, एमएससी होमसाइंस में फतेहाबाद के गांव सांचला से मंजू ने टॉप किया है। खास बात है कि बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स में तीनों टापर्स की नीट व एम्स में भी अच्छी रैंक आई है। ऐसे में वह एमबीबीएस की तरफ जाएंगे। कुलसचिव डॉ. बी.आर कंबोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की 155 सीटों पर 9089 तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठयक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग लिया था।

## एचएयू की प्रवेश परीक्षा में यह रहा बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर का परिणाम

### 93.50 फीसदी अंक लिए

तोशाम के गांव छप्पर जोगियान निवासी अंतिम रानी पुत्री सतीश कुमार ने 93.50 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम रैंक हासिल की। अंतिम बताया कि मैंने सीकर में नीट की तैयारी की थी, इसके साथ ही हाल ही में हिसार में क्रैश कोर्स के रूप में दो महीने बीएससी एग्रीकल्चर की तैयारी की। दोनों ही एग्जाम क्रेक किए। अंतिम रानी ने ऑवर्स अकेडमी से तीन माह का कोर्स किया था।

अंतिम रानी




### 91.50 फीसदी अंक लिए

भिवानी के गांव बड़ेसरा निवासी इंदू पुत्री पवन कुमार ने दूसरी रैंक हासिल की है। सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली इंदू ने भी नीट की परीक्षा में 51वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है और अब एग्रीकल्चर में 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णा क्लासेस में अभी कुछ समय पहले तो ज्वाइन किया।


इन्दू पुत्रा




### 90.50 फीसदी अंक लिए

हिसार शहर में सेक्टर 14 निवासी कार्तिकेय पुत्र राजकुमार दास ने 90.50 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि एग्रीकल्चर के साथ-साथ एम्स के परीक्षा परिणाम में भी कार्तिकेय ने 46वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया। वे मानते हैं कि समय प्रबंधन बहुत जरूरी है।

कार्तिकेय




**एमएससी एग्रीकल्चर**

- 1st पूजा कुमारी पुत्री बिजेन्द्र कुमार, गांव दूबलधन, तहसील बेरी जिला झज्जर- 83%
- 2nd प्रखर सिंगला पुत्र महेंद्र सिंगला, शिव कॉलोनी, पलवल- 82%
- 3rd विपिन कुमार पुत्र साधु राम, गांव घुड़साल, हिसार- 82%

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......

दिनांक 16.6.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....1....

## एचएयू की बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में भिवानी की अंतिम प्रथम

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी और एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम, शनिवार को घोषित कर दिया गया। बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स) के चार वर्षीय कोर्स की प्रवेश परीक्षा में भिवानी के तोशाम कस्बे के गांव छप्पड़ जोगियान निवासी अंतिम रानी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने 93.50 फीसद अंक हासिल किए। भिवानी के ही बडेसरा गांव की इंदू 91.50 फीसद अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। हिसार के सेक्टर 14 निवासी कार्तिकेय 90.50 फीसद अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बीएससी की 155 सीटों के लिए 8 जून को हुई इस परीक्षा में प्रदेशभर के 9089 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना प्रवेश परीक्षा का परिणाम देख सकते हैं। बता दें कि बीएससी एग्रीकल्चर के लिए 10770 और एमएससी के दोनों पाठ्यक्रमों के लिए 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।



अंतिम रानी।

**एमएससी एग्रीकल्चर में झज्जर की पूजा और होम साइंस में फतेहाबाद की मंजू प्रथम :** विश्वविद्यालय ने एमएससी एग्रीकल्चर और एमएससी होम साइंस कोर्स के लिए हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया है। एमएससी एग्रीकल्चर में झज्जर जिले के गांव दूबलधन की पूजा 83 फीसद अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। इसके अलावा 82 फीसद अंकों के साथ पलवल के प्रखर ने दूसरा और हिसार के घुड़साल के विपिन कुमार ने 82 फीसद अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, एमएससी होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में फतेहाबाद की मंजू कुमारी 66 फीसद अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही। हिसार के आजाद नगर की सुरजीता ने 63 फीसद अंकों के साथ दूसरा और हिसार के ही सरसोद की रितु रानी ने 61 फीसद अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। एमएससी एग्रीकल्चर और एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नभ-छोर......
दिनांक 15.6.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...2-4...

# हकृवि प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित विभिन्न विषयों में अंतिम, इंदू, कार्तिकेय, पूजा, प्रखर, विपिन, मंजू, सुरजीता व रितू रहे प्रथम

हिसार/ 15 जून/रिपोर्टर

चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2019.20 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा का आज परिणाम घोषित कर दिया। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि यह प्रवेश परीक्षा 8 जून को बीएससी आनर्ज एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की 155 सीटों तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठयक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें बीएससी आनर्ज एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की 155 सीटों के लिए 9089 तथा एमएससी एग्रीकल्चर एवं एमएससी होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 10770 तथा 633 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

**परीक्षा के परिणाम इस प्रकार है:**

बीएससी आनर्ज एग्रीकल्चर में अन्तिम रानी पुत्री सतीश कुमार प्रथम गांव छप्पड़ जोगियान तोशाम, भिवानी इन्दू पुत्री पवन कुमार द्वितीय गांव बड़ेसरा, भिवानी कार्तिकेय पुत्र राजकुमार दास तृतीय1534 सैक्टर 14, हिसार रहे जबकि एमएससी एग्रीकल्चर में झज्जर जिले के गांव दूबलधन की पूजा कुमारी पुत्री बिजेन्द्र प्रथम, पलवल के प्रखर सिंगला पुत्र श्री महेन्द्र सिंगला द्वितीय तथा हिसार के घुड़साल गांव के विपिन कुमार पुत्र श्री साधु राम तृतीय रहे। एमएससी होम साइंस में जिला फतेहाबाद गांव सांचला की मंजू पुत्री श्री रामकुमार प्रथम, तुलसी विहार, आजाद नगर, हिसार की सुरजीता कुमारी पुत्री राजेन्द्र सिंह द्वितीय, तथा सरसौद गांव की रितु रानी पुत्री रमेश कुमार तृतीय रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......

दिनांक ..15.6.2019.. पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....2-5....

# हरियाणा कृषि विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया है। कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर देखा जा सकता है।

यह प्रवेश परीक्षा 8 जून को बी.एस.सी (आनर्ज़) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की



अंतिम रानी



पूजा कुमारी



मंजू

155 सीटों तथा एम.एस.सी एग्रीकल्चर एवं एम.एस.सी होम साइंस पाठयक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें बी.एस-सी. (आनर्ज) एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम की 155 सीटों के लिए 9089 तथा एम.एस-सी. एग्रीकल्चर एवं एम.एस-सी. होम साइंस पाठ्यक्रमों की कुल 119 सीटों के लिए 540 उम्मीदवार उपस्थित हुए।

उन्होंने बताया कि बी.एस-सी. (आनर्ज) एग्रीकल्चर में तोशाम की अंतिम रानी प्रथम स्थान प्राप्त किया। भिवानी के गांव बड़ेसरा की इंदू दूसरे स्थान पर तथा हिसार के सैक्टर-14 निवासी कार्तिकेय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एम.एस-सी. एग्रीकल्चर में झज्जर के गांव दूबलधन की पूजा प्रथम रही। शिव कॉलोनी पलवल का प्रखर सिंगला दूसरा स्थान पर तथा हिसार के गांव घुड़साल निवासी विपिन कुमार तीसरे स्थान पर रहा।

उन्होंने बताया कि एम.एस-सी. होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में फतेहाबाद के गांव सांचला की मंजू ने पहला स्थान प्राप्त किया। तुलसी विहार गली नंबर 4 आजाद नगर की सुरजीता कुमारी दूसरे स्थान पर रही। सरसौद की रितु रानी ने इस प्रवेश परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार–पत्र का नाम ......दैनिक ट्रिब्यून......

दिनांक 14.6.2019 पृष्ठ सं. ...4... कॉलम ...7-8...

## मूंग के विकास पर हकृवि सम्मानित




गुंटूर विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में हकृवि के वैज्ञानिक डॉ. राजेश यादव को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू।-निस

**हिसार (निस)** : मूंग की उच्च उपज वाली किस्मों के विकास में योगदान के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएचएयू) को बेस्ट सेंटर अवार्ड-2018 प्रदान किया गया है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की वार्षिक समूह बैठक में उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने हकृवि को सम्मानित किया गया। इसके साथ भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर को भी संयुक्त रूप में यह अवार्ड प्रदान किया गया। हकृवि के वैज्ञानिकों ने मूंग सहित विभिन्न फसलों की 34 किस्में विकसित की हैं। जिनमें मूंग की 6 किस्मों को विकसित किया गया है, इनमें मुख्य रूप से मूंग की अधिक पैदावार देने वाली रोग प्रतिरोधी किस्में आशा, मुस्कान, सत्या, बसंती, एमएच 421 और एमएच 318 शामिल हैं। जोकि हरियाणा प्रदेश ही नहीं अपितु देशभर में बहुत लोकप्रिय हैं। वार्षिक समूह बैठक में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा दलहन अनुभाग के वैज्ञानिक डॉ. राजेश यादव को सम्मानित किया गया। अवार्ड के लिए हकृवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने मूंग अनुसंधान में जुटी वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ दैनिक भास्कर ........

दिनांक 13-6-2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-8

## एचएयू में बनेगा देश का पहला मैकेनाइज्ड प्लांट • गोबर, फूड वेस्ट और पराली से उत्पन्न करेगा ऊर्जा, 5 टन जैविक खाद जहरमुक्त खेती की तरफ बढ़ाएगी कदम

# मैकेनाइज्ड बॉयोगैस पॉवर प्लांट, हर रोज 2 लाख घन मीटर गैस, 2.236 मेगावाट बिजली देगा

• यह प्लांट 5 टन जैविक खाद हर दिन बनाएगा

वैभव शर्मा | हिसार

घरों से निकलने वाला फूड वेस्ट, गोबर से आपने बॉयोगैस बनती देखी होगी, कई छोटे-छोटे प्लांट लगने भी लगे हैं, लेकिन एचएयू ने देश का पहला मैकेनाइज्ड बॉयोगैस पॉवर जेनरेशन प्लांट तैयार किया है। इसमें घरों से निकलने वाला फूड वेस्ट, गोबर ही नहीं खेती के अवशेष यानि पराली से बड़े पैमाने पर बॉयोगैस के साथ बिजली भी पैदा की जाएगी।

100 किलोवाट क्षमता वाला यह प्लांट प्रतिदिन 2 लाख घन मीटर गैस कचरे से बनाएगा। सिर्फ गैस नहीं संयंत्र एक वर्ष में 2.236 मेगावाट बिजली भी तैयार करेगा। करीब साढ़े 6 करोड़ रुपये से इसका निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। इसका लगभग 67 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष में ही एचएयू इसका प्रयोग भी शुरू कर देगा। एचएयू के कुलपति प्रो केपी सिंह ने बताया कि पराली पूरे देश के लिए एक समस्या है। हमारा प्रयास है कि इस सेटअप के साथ एक बड़ा लक्ष्य अर्जित करें। इस प्लांट से उत्सर्जित बॉयोगैस का भी प्रयोग किया जाएगा।

इस प्लांट से गैस और बिजली ही नहीं बल्कि जैविक खाद भी तैयार की जाएगी। प्लांट की क्षमता के अनुसार एक्सपर्ट बताते हैं कि यह प्लांट 5 टन जैविक खाद हर दिन बनाएगा। यानि एक महीने में 150 टन जैविक खाद बनेगी, जिसे एचएयू कृषि के लिए किसानों को देगा। इसमें शहर से भी कचरा लेने की योजना एचएयू ने तैयार की हुई है।

### बिजली को ग्रिड को होगी ट्रांसफर

इस प्लांट के जरिए हर घंटे कचरे से बिजली बनाई जाएगी। अगर वर्ष में देखें तो एक वर्ष में 800 मेगावाट घंटा प्रतिवर्ष बिजली उत्पादित की जाएगी। जिसे ग्रिड इंटरएक्टिक केपटीव तकनीकी के जरिए ग्रीड में ट्रांसफर किया जाएगा। इस बिजली को बनाकर विश्वविद्यालय अपना वर्षभर का बिजली का भार इसके साथ ही लाखों रुपये की खपत को बचा सकता है।

### संयंत्र में यह लगे हैं उपकरण

- 100 किलोवाट फरमेंटर, बॉयोडायजेस्टर
- मिक्सिंग टेक्नोलॉजी
- गैस भंडारण उपकरण
- सीएचपी इंजन
- विजुअलाइजेशन व नियंत्रण प्रणाली
- पंप एवं मिक्सर प्रीटैंक के लिए
- फीडिंग प्रणाली
- हैमर मिल
- निकास हीट एक्सचेंजर
- सॉलिड लिक्विड ससेरेशन सिस्टम
- गैस शोधन प्रणाली
- गैस फिलिंग स्टेशन, बॉटलिंग यूनिट



एचएयू में तैयार किया जा रहा प्लांट।

### बॉयोगैस पॉवर जेनरेशन प्लांट की विशेषताएं

| | |
|---|---|
| प्लांट क्षमता | 100 किलोवाट |
| फीड इनपुट | 10 टन प्रतिदिन |
| पदार्थ | गोबर, फूड वेस्ट, फसल अवशेष |
| बॉयोगैस का उत्पादन | 2 लाख घन मीटर प्रतिदिन |
| बॉयोगैस में मीथेन | 10 प्रतिशत प्यूरीफिकेशन के बाद |
| कुल ऊर्जा उत्पादन | 2.236 मेगावाट प्रतिवर्ष |
| कुल विद्युत उत्पादन | 800 मेगावाट घंटा प्रतिवर्ष |
| थर्मल क्षमता | 128 किलोवाट |
| कुल ताप उत्पादन | 992 मेगावाट घंटा प्रतिवर्ष |
| जैविक खाद | 5 टन प्रतिदिन |
| विद्युत प्रयोग | ग्रीड इंटरएक्टिक केपटीव खपत |